कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 06.07.2024

विषयः- खोयी हुई मोटरसाईकिल को 24 घण्टे के अन्दर थाना कैण्ट पुलिस टीम ने बरामद कर वाहन स्वामी को किया सुपुर्द।

दिनांक 05.07.2024 को श्री कलाम पुत्र इस्लाम निवासी पहलू का पुरा फुलवरिया थाना कैण्ट जनपद वाराणसी ने थाने पर आकर प्रार्थना पत्र दिये कि उनकी हीरो सुपर स्प्लेन्डर मोटर साइकिल रेलवे लाईन फुलवरिया के किनारे से चोरी हो गयी। सूचना पाकर थाना कैण्ट पुलिस तत्काल सक्रियता दिखाते हुए उक्त चोरी हुई मोटर साईकिल की तलाश की जाने लगी। आज दिनांक 06.07.2024 को थाना कैण्ट की पुलिस टीम द्वारा उक्त मोटर साईकिल को आहिरावीर बाबा मन्दिर के पीछे से बरामद कर वाहन स्वामी को थाने पर बुलाकर सुपुर्द किया गया।

वाहन स्वामी द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस की कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी तथा धन्यवाद दिया गया।

उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम में थाना कैण्ट के उपनिरीक्षक सत्यम यादव, उपनिरीक्षक आकाश सिंह व का0 अनुज कुशवाहा की भूमिका सराहनीय रही।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।